सोमवार
18 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर








वर्ष 2, अंक 98 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com


# राजगीर में आस्था का महासंगम: मलमास मेला-2026 का भव्य आगाज, श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर सरकार अलर्ट








संजय कुमार/अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी राजगीर में रविवार को मलमास मेला-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ब्रह्मकुंड परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की और महाआरती में शामिल होकर मेले की विधिवत शुरुआत की। यज्ञशाला परिसर में प्रमुख संतों के साथ ध्वजारोहण भी किया गया। इस दौरान जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी बासुदेवाचार्य श्री भास्कर समेत कई संत-महात्मा उपस्थित रहे।

उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, आवासन, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं और यातायात व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से संचालित हों।मुख्यमंत्री ने ब्रह्मकुंड के समीप नव नालंदा सेवा भारतीय नालंदा द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भी किया। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से श्रद्धालुओं की सेवा भाव से सहायता करने की अपील की।

मलमास मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए स्टेट गेस्ट हाउस में तैयार आवासन स्थल का भी उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को सस्ती दर पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "दीदी की रसोई" का शुभारंभ किया गया। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मलमास मेला केवल बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश की आस्था का केंद्र है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मलमास के दौरान 33 कोटी देवी-देवताओं का निवास राजगीर में माना जाता है। इसी कारण देशभर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी श्रद्धालु यहां से अच्छी यादें लेकर जाएं और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने प्रशासन को विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर भी जोर दिया।

राजगीर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने ज़ू सफारी और नेचर सफारी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ज़ू सफारी के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया और नियंत्रण कक्ष में जाकर वन्यजीवों की गतिविधियों की निगरानी व्यवस्था देखी। व्याख्या केंद्र में प्रदर्शित दुर्लभ वन्यजीव प्रजातियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने 180 डिग्री थिएटर में प्रदर्शित एनिमेशन फिल्म "द वाइल्ड कॉल" देखी। यह फिल्म भारत की जैव विविधता, वन्यजीवों के जीवन और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को दर्शाती है। फिल्म में भारतीय हाथी, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड समेत 23 प्रकार के वन्यजीवों को दिखाया गया है। राजगीर ज़ू सफारी की इस फिल्म को 16वें दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एनिमेशन श्रेणी में "सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस" से सम्मानित किया गया, जिसका प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा गया।

मुख्यमंत्री ने नेचर सफारी के ग्लास ब्रिज का भी भ्रमण किया और पहाड़ियों की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। सफारी वाहन से भ्रमण के दौरान उन्होंने शेर, बाघ और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखा। वन्यजीव अस्पताल पहुंचकर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली तथा सिंह शावक का नामकरण "लक्ष्मी" किया।

उन्होंने कहा कि राजगीर की नेचर सफारी और ज़ू सफारी राज्य के पर्यटन को नई पहचान दे रही हैं। यहां आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं और वन्यजीवों के बेहतर संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि यह स्थान देश-दुनिया के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरवड़े, पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा, नालंदा जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक संकेत कुमार सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मलमास मेला में 'जीविका दीदी की रसोई' बनी श्रद्धालुओं का सहारा, महिलाओं को मिला रोजगार

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 के उद्घाटन अवसर पर रविवार को बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी तथा ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने संयुक्त रूप से जीविका दीदी की रसोई का फीता काटकर शुभारंभ किया।



जीविका की इस विशेष पहल का उद्देश्य मलमास मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को सस्ती एवं शुद्ध भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा जीविका दीदियों को रोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने बताया कि मेला क्षेत्र के 25 चिन्हित स्थानों पर दीदी की रसोई स्थापित की गई है। यहां श्रद्धालुओं को मात्र 35 रुपये प्रति प्लेट की दर से पांच रोटी, सब्जी, अचार और मिर्च सहित स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही भोजन करने के बाद श्रद्धालु अवसान स्थल में नि:शुल्क विश्राम भी कर सकते हैं।

इस योजना से बड़ी संख्या में जीविका दीदियों को रोजगार मिला है। भोजन परोसने के लिए उपयोग किए जा रहे पत्तल भी जीविका समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा मसाले, आटा और अन्य सामग्री भी दीदियों के माध्यम से ही उपलब्ध कराई जा रही है।नालंदा जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि मलमास मेला के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए और उनके हाथों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

## राजगीर-हावड़ा एक्सप्रेस से मलमास मेला में बढ़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय मलमास मेला के अवसर पर नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने 03029 राजगीर-हावड़ा एक्सप्रेस को राजगीर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हावड़ा (बंगाल) से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अब राजगीर पहुंच सकेंगे, जिससे मलमास मेला को नया आयाम मिलेगा।

उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में लगने वाला यह ऐतिहासिक मेला के लिए यह ट्रेन मील का पत्थर साबित होगी और श्रद्धालुओं को यात्रा में काफी सुविधा मिलेगी।

सांसद ने कहा कि उनका लगातार प्रयास नालंदा के सामाजिक, बौद्धिक, व्यापारिक और व्यवसायिक विकास को आगे बढ़ाना है। उन्होंने भरोसा जताया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि नालंदा की जनता ने उन्हें लगातार चार बार सांसद बनाया है और वे हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।



इस दौरान सांसद ने राजगीर रेलवे स्टेशन परिसर में बने टेंट सिटी का निरीक्षण किया तथा बाहर से आए श्रद्धालुओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। सांसद ने कहा कि मलमास मेला में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन तत्काल समाधान के लिए तैयार है।

# राजगीर मलमास मेले में बोले श्रवण कुमार, दुनिया देख रही बिहार की संस्कृति



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर में आयोजित मलमास मेला-2026 के उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जन-संपर्क मंत्री तथा श्रवण कुमार ने शामिल होकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मलमास मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति, अध्यात्म, सामाजिक समरसता और लोक परंपराओं का भव्य उत्सव है।

मंत्री ने कहा कि राजगीर की पावन धरती सदियों से ज्ञान, तप, त्याग और शांति का संदेश देती रही है। मलमास मेला बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। साथ ही यह राज्य के पर्यटन क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से इस ऐतिहासिक मेले को राजकीय स्वरूप मिला, जिससे इसकी भव्यता और गरिमा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। मंत्री ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, आवास और अन्य सुविधाओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है।उन्होंने राजगीरवासियों से मेले की गरिमा बनाए रखने और सामाजिक सद्भाव कायम रखने की अपील की। साथ ही जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, सफाईकर्मियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

# राजगीर ग्लास ब्रिज और जू सफारी की सुविधाओं से प्रभावित हुए मुख्यमंत्री



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी स्थित ग्लास ब्रिज का रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक पर्यटन सुविधाओं, वन्यजीव संरक्षण और इको-टूरिज्म विकास कार्यों की सराहना करते हुए इसे बिहार के उभरते पर्यटन मॉडल का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर में प्रकृति, वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन को एक साथ विकसित किया गया है, जो बिहार की नई इको-टूरिज्म पहचान को दर्शाता है। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ग्लास ब्रिज की क्षमता विस्तार हेतु अत्याधुनिक "क्लिफ डॉक" विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं उन्नयन का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

मुख्यमंत्री ने बढ़ती पर्यटक संख्या को देखते हुए जू सफारी और नेचर सफारी में सफारी बसों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान उन्होंने वन्यजीव अस्पताल का निरीक्षण किया और हैंड-रियरिंग के माध्यम से संरक्षित किए जा रहे शेर के शावकों को देखा। इस दौरान चार माह की मादा शावक का नाम "लक्ष्मी" रखा गया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने आधुनिक 180 डिग्री थिएटर में प्रदर्शित फिल्म "द वाइल्ड कॉल" देखी और वन्यजीव संरक्षण व पर्यावरण जागरूकता के लिए डिजिटल तकनीकों के उपयोग की प्रशंसा की। मौके पर वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।










# ओटीएस कैंप रहा पूरी तरह फ्लॉप

## एक भी ऋणधारक नहीं पहुंचा, बैंक टीम उतरी घर-घर संपर्क अभियान में




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा रविवार को गौढ़ापर स्थित देवी स्थान में आयोजित वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) कैंप पूरी तरह फीका साबित हुआ। कैंप में एक भी ऋणधारक के नहीं पहुंचने से बैंक प्रबंधन की चिंता बढ़ गई। इसके बाद बैंक प्रबंधक सुप्रिया किशोर स्वयं कर्मियों की टीम और स्थानीय मुखिया अशोक शर्मा के साथ गांव में घर-घर जाकर बकायादारों से संपर्क करने निकल पड़े।

बैंक प्रबंधक सुप्रिया किशोर ने बताया कि पुराने ऋण खातों के निपटारे के लिए विशेष ओटीएस कैंप लगाया गया था। योजना के तहत करीब दो सौ ऋणधारकों को ब्याज में राहत देते हुए एकमुश्त भुगतान पर खाता बंदकरने का अवसर दिया जा रहा है। बावजूद इसके कैंप में किसी भी ऋणधारक की उपस्थिति नहीं हुई।

इसके बाद बैंक टीम ने गांव में घर-घर जाकर ऋणधारकों से मुलाकात की और उन्हें बकाया राशि की जानकारी दी। साथ ही समय रहते ओटीएस योजना का लाभ उठाकर ऋण निपटाने की अपील की गई। बैंक प्रबंधक ने बताया कि कई ऋण खाते लंबे समय से एनपीए की श्रेणी में हैं, जिससे बैंक की वसूली प्रभावित हो रही है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय पर समझौता नहीं किया गया तो आगे कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया तेज की जा सकती है। बैंक की ओर से आने वाले दिनों में भी यह विशेष संपर्क अभियान जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक ऋण खातों का निपटारा कराया जा सके।

# चंडी में न्याय की हुंकार

## दुष्कर्म आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सड़कों पर उतरे लोग, निकाला मशाल मार्च




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र में कथित दुष्कर्म मामले के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार शाम बड़ी संख्या में ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने न्याय की मांग को लेकर मशाल जुलूस एवं आक्रोश मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपी की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की।

आक्रोश मार्च की शुरुआत जरासंध मूर्ति परिसर से हुई। इसके बाद सैकड़ों लोग हाथों में मशाल, बैनर और तख्तियां लेकर चंडी बाजार, थाना रोड होते हुए बापू उच्च विद्यालय मैदान तक पहुंचे। पूरे मार्च के दौरान "न्याय दो", "अपराधियों को सजा दो" और "बेटी बचाओ" जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा।


प्रदर्शन में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता रवि गोल्डन, कौशल किशोर, विकास चंद्रवंशी और मुन्ना चंद्रवंशी समेत अन्य लोगों ने कहा कि घटना के दस दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। लोगों का आरोप है कि पीड़ित परिवार भय के माहौल में जी रहा है, जबकि आरोपी खुलेआम घूम रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को जिला स्तर से आगे बढ़ाकर पटना और दिल्ली तक ले जाया जाएगा। मार्च के दौरान एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडी थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।









## गंगा स्नान बना काल: उमानाथ घाट पर डूबने से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बाढ़ स्थित उमानाथ गंगा घाट पर रविवार को स्नान के दौरान डूबने से एक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र के पचौरा गांव निवासी दंगल पासवान के पुत्र अंशु कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में मातम छा गया।

मृतक के चाचा हीरा पासवान ने बताया कि अंशु कुमार रविवार सुबह अपने माता-पिता के साथ उमानाथ गंगा घाट स्नान करने गया था। स्नान के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते वह नदी की तेज धारा में डूबने लगा। घटना के बाद घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और स्थानीय लोग नाव के सहारे उसकी तलाश में जुट गए।

सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन शुरू की गई। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर का शव नदी से बाहर निकाला गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव जब पचौरा गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गंगा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और खतरनाक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

## बख्तियारपुर में सड़क दुर्घटना: पटना मजदूरी करने जा रहे हरनौत के युवक की मौके पर मौत



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।थाना क्षेत्र अंतर्गत फलहनवाँ गांव निवासी भूषण यादव के पुत्र शैलेंद्र कुमार ( 35 वर्ष) की रविवार सुबह पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में धोबा पुल के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

घटना रविवार सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई, जब शैलेंद्र कुमार रोज की भांति साइकिल पर बख्तियारपुर स्टेशन की ओर जा रहे थे। वहां से वे पटना के मुसल्लहपुर हाट में मजदूरी करने जाते थे। बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के धोवा पर इलाके में पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि शैलेंद्र कुमार का शरीर वाहन के नीचे फंस गया। उन्हें बाहर निकालने के दौरान अज्ञात वाहन चालक ने उनके जेब से मोबाइल फोन भी छीन लिया। बाद में जब शैलेंद्र के साथ काम करने वाले साथी उनके मोबाइल पर संपर्क करने लगे तो दुर्घटना में शामिल लोगों ने ही फोन उठाकर बताया कि "आपके आदमी को धक्का लग गया है।"

इस सूचना के बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। बख्तियारपुर थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव का पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि शैलेंद्र कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपित वाहन की तलाश की जा रही है।

परिवार में मातम:

शैलेंद्र कुमार के आकस्मिक निधन से पूरे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वे अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। परिजनों ने दोषी वाहन चालक के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।






## कतरीसराय में मंत्री श्रवण कुमार का भव्य स्वागत, फूल-मालाओं से लादकर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार में ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री बनने के बाद पहली बार कतरीसराय मार्ग से शेखपुरा-लखीसराय जाने के दौरान श्रवण कुमार का जदयू कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही स्थानीय एनडीए एवं जदयू कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई।

मायापुर मोड़ पर जदयू नेता बबलू पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए और फूल-मालाओं से लादकर मंत्री का भव्य अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल जोश और उत्साह से भर गया। मंत्री श्रवण कुमार ने भी कार्यकर्ताओं के स्नेह और समर्थन को देखकर भावुक होते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

बताते चलें कि श्रवण कुमार इससे पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में ग्रामीण विकास विभाग का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान सरकार में उन्हें जदयू विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पुनः मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

स्वागत कार्यक्रम में सचिन कुमार, रामानुज प्रसाद, राहुल कुमार, पंकज महतो, मुखिया रामजी पासवान, राणा राहुल, रजनीश कुमार, श्रवण कुमार, प्रिंस कुमार, छोटी कुमार, पप्पू प्रसाद, ऋषभ कुमार, रोशन कुमार, राजीव कुमार, शुभम कुमार, अनुग्रह कुमार, नीरज कुमार और धर्मपाल कुमार सहित दर्जनों जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मंत्री के स्वागत में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उनके नेतृत्व में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का भरोसा जताया।

## साई धाम छाछूविगहा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 300 मरीजों की हुई जांच




आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के श्री साई दूत सेवा आश्रम द्वारा रविवार को साई धाम छाछूविगहा में नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया।

शिविर का संचालन मेडिस्योर हेल्थ केयर के चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान मरीजों के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बवासीर, हर्निया और पथरी से संबंधित रोगों की जांच की गई। जांच के बाद सभी मरीजों कोआवश्यक दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं।

आयोजकों ने बताया कि शिविर में पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र के अलावा आसपास के कई जिलों से भी लोग पहुंचे। करीब 300 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहे हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के व्यवस्थापक मुरारी प्रसाद, सत्यम भारती और बबलू सिंह समेत अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने मिलकर मरीजों के पंजीकरण, व्यवस्था और दवा वितरण का कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही।




# नालंदा विश्वविद्यालय में गूंजा 'शास्त्रार्थ 2026', प्राचीन ज्ञान परंपरा को मिला नया जीवन



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। प्राचीन भारतीय ज्ञान और बौद्धिक परंपरा के पुनर्जीवन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए नालंदा विश्वविद्यालय ने अपने तृतीय दीक्षांत समारोह के अवसर पर 17 और 18 मई 2026 को "शास्त्रार्थ 2026" का आयोजन शुरू किया है। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य प्राचीन नालंदा महाविहार की उस गौरवशाली परंपरा को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़ना है, जिसमें तर्क, संवाद, चिंतन और ज्ञान-विमर्श को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था।

विश्वविद्यालय ने पहली बार शास्त्रार्थ की ऐतिहासिक परंपरा को औपचारिक रूप से अपने शैक्षणिक कैलेंडर में शामिल किया है। इसके माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा की उस जीवंत संस्कृति को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थी केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर अपने विचारों को तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें और बौद्धिक विमर्श के माध्यम से ज्ञान को और अधिक समृद्ध बनाएं।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शोध-प्रबंधों का सार्वजनिक प्रतिरक्षण किया तथा विद्वानों के साथ गंभीर अकादमिक संवाद में भाग लिया। शास्त्रार्थ के विभिन्न सत्रों में तर्क, प्रमाण और वैचारिक आदान-प्रदान की समृद्ध परंपरा स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि भारतीय चिंतन परंपरा में निहित सत्य की खोज और तार्किक संवाद की यह पद्धति आधुनिक शिक्षा को नई दिशा दे सकती है।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत मंगल गान से हुई, जिसके बाद कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विचारों के संघर्ष, आत्मचिंतन और संवाद की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, क्योंकि वास्तविक बौद्धिक विकास गहन अध्ययन और विमर्श से ही संभव है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय ज्ञान परंपराओं ने सदैव नैतिकता, शासन और सार्वजनिक जीवन को एक-दूसरे से जुड़ा माना है। धर्म, अर्थ और नीति की भारतीय अवधारणा आज भी विश्व को समग्र दृष्टिकोण प्रदान करने की क्षमता रखती है।

"शास्त्रार्थ की परंपरा: इतिहास, व्यवहार और समकालीन प्रासंगिकता" विषय पर आयोजित विशेषज्ञ पैनल चर्चा में देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित विद्वानों ने भाग लिया।

इनमें भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद के सदस्य सचिव प्रो. सच्चिदानंद मिश्रा, डॉ. मयंक शेखर मिश्रा, प्रो. असंग तिलकरत्ने, जैन विद्वान विशाल ताराचंद गड़ा, प्रो. गोदाबरिश मिश्रा तथा प्रो. डी. वेंकट राव शामिल रहे।

दो दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में बौद्धअध्ययन, हिंदू अध्ययन, पुरातत्व, पारिस्थितिकी, साहित्य, दर्शन, अंतरराष्ट्रीय संबंध और सतत विकास जैसे विषयों पर कुल 23 शास्त्रार्थ सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।



पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष की पारंपरिक शैली पर आधारित ये सत्र विद्यार्थियों को तार्किक सोच, आलोचनात्मक दृष्टिकोण और सहयोगात्मक चिंतन के लिए प्रेरित कर रहे हैं।विश्वविद्यालय द्वारा इस अवसर पर 'नालंदा शास्त्रार्थ सम्मान' और 'नालंदा शास्त्रार्थ पुरस्कार' भी प्रदान किए जाएंगे। वहीं औपचारिक दीक्षांत समारोह 19 मई को आयोजित होगा, जिसमें विद्यार्थियों को प्राचीन नालंदा परंपरा की भावना के साथ उपाधियां प्रदान की जाएंगी।



## नालंदा में AI और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग पर मंथन

# शिक्षकों ने साझा किए आधुनिक शिक्षा के नए आयाम




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा सहोदया क्लस्टर के तत्वावधान में डैफोडिल पब्लिक स्कूल, मंगला स्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पटना के तहत जिला स्तरीय डिलिबरेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर रुबीना निशात की विशेष उपस्थिति रही।



कार्यक्रम की शुरुआत नालंदा सहोदया क्लस्टर के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, कॉर्डिनेटर रुबीना निशात, रिसोर्स पर्सन पवन कुमार वर्मा, मो. साबिर हुसैन, कुंदन पाठक, प्राचार्य डॉ. रवि चंद कुमार, उप प्राचार्या ज्योति मेहता तथा एसटीएनसी दीपक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का मुख्य विषय "Computational Thinking and Understanding AI" रहा, जिसमें जिले के करीब 50 विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,



कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आधुनिक शिक्षा में तकनीक की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और AI की समझ बेहद जरूरी हो गई है।

कार्यक्रम में डैफोडिल पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल सिलाव, सदर आलम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा कैंब्रिज स्कूल पहाड़पुरा बिहारशरीफ के शिक्षकों ने आकर्षक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। इनमें शिक्षा में AI के उपयोग, डिजिटल लर्निंग, कोडिंग स्किल्स और भविष्य की तकनीकी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

क्लस्टर अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षा को नई दिशा देने के साथ-साथ शिक्षकों को अपने अनुभव और ज्ञान साझा करने का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। सेमिनार के दौरान शिक्षकों ने रिसोर्स पर्सन से विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

# दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने व्यवसायी से स्कूटी और नकदी लूटी

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर-राजगीर मुख्य सड़क मार्ग पर शोभा विगहा और परशुराय गांव के बीच दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने एक व्यवसायी से स्कूटी, 60 हजार रुपये नगद और मोबाइल फोन लूट लिया। घटना के बाद इलाके के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

पीड़ित व्यवसायी रितेश दीवान उर्फ चुन्नु, गया जिले के जनकपुर मोहल्ला निवासी हैं और गया की एक दालमोट कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को वह खुदागंज और इस्लामपुर क्षेत्र के दुकानदारों से बकाया राशि वसूल कर स्कूटी से लौट रहे थे। इसी दौरान शोभा विगहा और परशुराय गांव के बीच दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने उन्हें पिस्तौल दिखाकर रोकने का प्रयास किया।

पीड़ित के अनुसार नहीं रुकने पर अपराधियों ने गोली मारने की धमकी दी और स्कूटी में पैर मारकर उन्हें गिरा दिया। सड़क पर गिरने के बाद अपराधियों ने उनकी स्कूटी, मोबाइल फोन और स्कूटी में रखे 60 हजार रुपये नगद लूट लिए और फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही हिलसा-2 डीएसपी कुमार ऋषि राज तथा खुदागंज थाना अध्यक्ष दुर्गेश कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। डीएसपी ने कहा कि घटना में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों में भय और आक्रोश का माहौल है।

# सुनहरा भारत फाउंडेशन बना बदलाव की नई ताकत, पर्यावरण से लेकर युवा नेतृत्व तक चला रहा बड़े अभियान



पटना (अपना नालंदा)। समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा सुनहरा भारत फाउंडेशन आज देश के कई राज्यों में सामाजिक परिवर्तन की नई मिसाल पेश कर रहा है। संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीण विकास, पर्यटन जागरूकता, युवा नेतृत्व और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लगातार बड़े स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। संस्था की बढ़ती सक्रियता और जनभागीदारी ने इसे सामाजिक क्षेत्र की उभरती हुई प्रभावशाली संस्था बना दिया है।

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में संस्था गांवों और शहरों के बीच विकास और जागरूकता की नई कड़ी जोड़ने का कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य केवल सहायता पहुंचाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास, अवसर और जागरूकता पहुंचाना है। संस्था के अभियानों में बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हो रहे हैं, जिससे इसका दायरा लगातार बढ़ रहा है।

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में संस्था का "हरित भारत संकल्प अभियान" लोगों के बीच नई उम्मीद बनकर उभरा है। इस अभियान के तहत हजारों पौधों का रोपण किया गया तथा लोगों को जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम, स्वच्छता रैली और जनसंवाद आयोजित किए गए। संस्था युवाओं को "ग्रीन वालंटियर" के रूप में जोड़कर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने में जुटी है। भारतीय लोककला और सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए भी संस्था लगातार सक्रिय है। पटना, रांची, मुंबई और वाराणसी में आयोजित "राष्ट्रीय संस्कृति एवं विरासत महोत्सव" में देशभर की लोक कलाओं और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। भोजपुरी, मैथिली, मगही, राजस्थानी और आदिवासी कलाकारों को मंच देकर संस्था ने उन्हें नई पहचान दिलाने का प्रयास किया है। आर्थिक संकट से जूझ रहे कई कलाकारों को संस्था द्वारा आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।

पर्यटन और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए संस्था "भारत विरासत जागरूकता मिशन" चला रही है। बोधगया, राजगीर और नालंदा जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां युवाओं को पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहरों के महत्व की जानकारी दी गई। संस्था युवाओं को टूरिज्म गाइड प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी काम कर रही है।

सामाजिक जागरूकता के तहत नुक्कड़ नाटक, पोस्टर अभियान, डॉक्यूमेंट्री फिल्म और सोशल मीडिया कैंपेन के माध्यम से स्वच्छता, नशा मुक्ति और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं युवा नेतृत्व शिविर और प्रेरणात्मक संवाद कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था का मानना है कि युवा शक्ति के सहयोग से समाज में बड़ा बदलाव संभव है।



# भामाशाह जयंती समारोह में तैलिक समाज ने दिखाई एकता और राजनीतिक ताकत




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। श्री साहु परिवार, बिहारशरीफ की ओर से कांटा स्थित एक सभागार में रविवार को भामाशाह जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार राज्य तैलिक साहु सभा के प्रदेश अध्यक्ष सह रणविजय साहु थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने की, जबकि मंच संचालन पन्ना लाल ने किया।

समारोह को संबोधित करते हुए रणविजय साहु ने कहा कि भामाशाह केवल दानवीर ही नहीं बल्कि शूरवीर भी थे। उन्होंने कहा कि तैलिक समाज आज भी उनके आदर्शों पर चलते हुए राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों को सहयोग देता है, लेकिन संख्या बल के अनुसार समाज को उचित राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि जिस दल को तैलिक समाज एकजुट होकर समर्थन देता है, वही दल समाज की उपेक्षा करता है। कार्यक्रम में समाज की आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।समारोह में अनिल कुमार अकेला, अवधेश कुमार, नवादा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय कुमार, मुकेश कुमार, प्रदुमन कुमार, दिलीप कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विनीत चौधरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सोनु कुमार, भूषण कुमार, अनिल तनेजा, सोनु बाहुबली, अर्जुन प्रसाद, अरुण कुमार, राजेश गुप्ता, अमित कुमार, सन्नी कुमार और विवेक सागर सहित तैलिक समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# राजगीर मलमास मेले में एक माह का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर शुरू




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रेरित नव नालंदा सेवा भारती द्वारा राजगीर मलमास मेले में एक माह तक संचालित होने वाले नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन शनिवार को सेवा, समर्पण और मानव कल्याण की भावना के साथ किया गया। शिविर का शुभारंभ बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी जी, क्षेत्र प्रचार प्रमुख राजेश पाण्डेय, प्रांत प्रचारक उमेश जी, नालंदा विभाग प्रचारक इन्द्रनारायण जी, सेवा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष राहुल दत्ता एवं अध्यक्ष गिरधर गोपाल मुरारी सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मलमास मेले में देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस चिकित्सा शिविर की शुरुआत की गई है। शिविर में श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जांच और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि सेवा भारती हमेशा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक सेवा पहुंचाने के लिए कार्य करती रही है। "नर सेवा ही नारायण सेवा है" की भावना के साथ यह शिविर श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण जनसेवा केंद्र बनेगा और मानव सेवा के संकल्प को साकार करेगा।

# स्काउट-गाइड ने बच्चों को स्वच्छता और नदी संरक्षण के प्रति किया जागरूक



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड, जहानाबाद टीम द्वारा उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता, नदी संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि नदियों में कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक फेंकने से जल प्रदूषण तेजी से बढ़ता है, जिसका दुष्प्रभाव जलजीवों के साथ-साथ मानव जीवन पर भी पड़ता है। बच्चों को समझाया गया कि स्वच्छ और सुरक्षित जल स्रोत मानव जीवन के लिए बेहद जरूरी हैं तथा नदियों की सफाई केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए समाज के हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

स्काउट एवं गाइड टीम ने बच्चों को समाज में सकारात्मक सोच फैलाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।

इससे वे भविष्य में समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनकर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# बंधुगंज में नए पुलिस टीओपी उद्घाटन से सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा अपराध नियंत्रण को प्रभावी करने के उद्देश्य से घोषी थाना क्षेत्र के बंधुगंज स्थित चुनकुपुर में नए पुलिस चेक पोस्ट (टीओपी) का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से जहानाबाद पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान एवं घोषी विधायक ऋतुराज कुमार ने फीता काटकर किया।



इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घोषी-02, घोषी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नए टीओपी के शुरू होने से क्षेत्र में पुलिस की निगरानी और गश्ती व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी, जिससे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जासकेगा।पुलिस अधीक्षक द्वारा इस नए चेक पोस्ट को पूरी तरह सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए दो नई मोटरसाइकिलें भी उपलब्ध कराई गई हैं। इन वाहनों के माध्यम से पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित एवं सघन गश्ती करेगी। यह टीओपी घोषी थाना के अपर थानाध्यक्ष के अधीन कार्य करेगा।

स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। पुलिस प्रशासन ने भी आम लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

# वृद्ध महिला की हत्या से कामदेव बीघा में दहशत, जांच में जुटी पुलिस



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। कल्पा पंचायत के कामदेव बीघा गांव में एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 80 वर्षीय राम कुमारी देवी के रूप में हुई है। उनका शव उनके पैतृक आवास स्थित पुराने मकान में संदिग्ध अवस्था में पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

ग्रामीणों एवं परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं नमूने एकत्र किए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तथा प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला चोरी के उद्देश्य से घर में घुसने का प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि महिला के कान, नाक की बाली, हाथ का सोने का कड़ा और गले की चेन सहित कई आभूषण गायब पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि चोरी का विरोध करने पर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा अपराधियों की पहचान में जुटी हुई है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की शीघ्र जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी एवं कड़ी सजा की मांग की है।

# जहानाबाद में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचने की अपील



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा जरूरत पड़ने पर जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने की अपील की है।

जिला पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी जहानाबाद द्वारा तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों, गैस एजेंसी संचालकों और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले की गैस आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया गया। बैठक में जिले में संचालित 19 गैस एजेंसियों की स्थिति की समीक्षा की गई।

प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार जिले में आज 11,811 गैस बुकिंग के मुकाबले 4,633 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वहीं एजेंसियों को वितरण के लिए 1,884 सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं। औसत डिलीवरी अवधि 2.97 दिन बताई गई है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो रही है।

जिला प्रशासन ने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत की स्थिति में उपभोक्ता जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06114-223013 पर संपर्क कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए गैस आपूर्ति संबंधी आज कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि पर्याप्त गैस उपलब्ध होने के कारण किसी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें और शांति बनाए रखें।


हमारा प्रयास रहता है कि
अपना नालंदा
के पाठकों को बेहतरीन समाचार पढ़ने को मिले।
अपना नालंदा
सत्य, सटीक और निष्पक्ष समाचार
आप पाठकों से अनुरोध है कि
अपना बहुमूल्य सुझाव हमें भेजें,
ताकि अपना नालंदा को और बेहतर बना सकूं।
आपका सुझाव
हमें भेजें
हमारा पता है:
संपादक,
अपना नालंदा
व्हाट्सएप
9031468165


अपना नालंदा
आपका अपना हिंदी दैंनिक डिलिटर अखबार
नालंदा की
हर खबर
सबसे पहले
अब अपाका लोकप्रिय हिंदी दैंनिक
अपना नालंदा का सभी अंक
www.apnanalanda.com
पर उपलब्ध हैं!
विश्वसनीय
स्थानीय
आपका अपना
अखबार
सभी अंक
एक ही जगह
डाउनलोड करें
आसानी से
पुराने अंक
खोजें आसनी से
ताजा खबरें • निष्पक्ष पत्रकारिता • आपके शहर, आपकी आवाज
जुड़े रहें, अपडेट रहें!


विस्तार से खबर पढ़ने के लिए जाएं
अपना नालंदा
www.apnanalanda.com पर जाएं
NEWS
बिस्तुत खबरों के लिए आज ही बिजिट करें